समाचार

# पेंशन योजनाओं के हितग्राहियों का होगा वार्षिक सत्यापन

## (प्रथम चरण में निगम के बालको व रविशंकर नगर जोन कार्यालय व साकेत स्थित लोकसेवा केन्द्र में किया जाएगा सत्यापन )




कोरबा 03 दिसम्बर 2025 –शासन की विभिन्न पेंशन योजनाओं के हितग्राहियों का वार्षिक सत्यापन नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा कराया जाएगा। गुरूवार 04 दिसम्बर से प्रथम चरण में निगम के बालको जोन कार्यालय, रविशंकर नगर जोन कार्यालय एवं निगम के मुख्य कार्यालय साकेत भवन स्थित लोकसेवा केन्द्र में हितग्राही सत्यापन का कार्य संपादित होगा।

शासन से प्राप्त दिशा निर्देशों के तहत शासन के सामाजिक सहायता कार्यक्रम अंतर्गत संचालित केन्द्रीय पेंशन योजनाओं यथा– इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय विधवा पेंशन एवं इंदिरा गांधी राष्ट्रीय दिव्यांग पेंशन योजना के हितग्राहियों का वार्षिक सत्यापन मोबाईल एप बेनेफिशरी सत्यापन एप से किया जाएगा, जिसमें आधार सत्यापन हेतु हितग्राहियों से आधार कार्ड, बैंक पासबुक की छायाप्रति एवं उनके मोबाईल नम्बर भी लिए जाएंगे। निगम द्वारा इन पेंशन योजनाओं के हितग्राहियों से कहा गया है कि वे उक्तानुसार आवश्यक दस्तावेजों के साथ उक्त स्थलों पर पहुंचकर अपना वार्षिक सत्यापन करा लें ताकि उन्हें समय पर पेंशन लाभ प्राप्त होने में किसी प्रकार का अवरोध का सामना न करना पड़े।